दुर्घटनाएं

सागर जिले के बंडा में आयोजित लगुन समारोह से घर लौट रहा था परिवार

# पिकअप अनियंत्रित होकर पलटा, 1 की मौत, 11 घायल



**नवभारत, दमोह.** जिले की तेजगढ़ थाना की इमलिया चौकी अंतर्गत मनका गांव के समीप शनिवार सुबह एक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया, जिसमें 12 लोग घायल हो गए.घायलों को 108 की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया.जहां एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था, जहां रास्ते में उसने दम तोड़ दिया.

सभी लोग सागर जिले के बंडा से लगुन से वापस अपने गांव लौट रहे थे, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया.जानकारी देते हुए घायल अशोक अहिरवार ने बताया हम लोग पिकअप वाहन में करीब 15 लोग सवार थे. लगुन से वापस अपने गांव मनका लौट रहे थे, तभी गांव के नजदीक पहुंचते ही मोड पर पिकअप नियंत्रित होकर पलट गई.

### घायलों का किया गया प्राथमिक उपचार

घायलों में धर्मू अहिरवार को अधिक चोट आने पर जबलपुर रेफर किया गया था, जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई थी. वहीं, अशोक अहिरवार, गोकूल, संजय, चंद्रभान, तुलसी, सौरभ, केरन, पिंटू, टुटेली और राजू को मामूली चोट आई. जिनका प्राथमिक उपचार करने के बाद छुट्टी दे दी गई. घटना की जानकारी मिलते ही इमलिया चौकी प्रभारी रमाशंकर मिश्रा, रवि कटारे,ज मीर खान भी जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों से जानकारी ली.

### बाइक सवार आरक्षक वाहन की टक्कर से घायल



दमोह में शुक्रवार की रात पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पास बाइक सवार आरक्षक अमित पांडे वाहन की टक्कर लगने से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए 112 डायल से जिला अस्पताल भेजा गया। मौके पर टीआई कोतवाली मनीष कुमार और पुलिस बल मौजूद रहा.

### डिवाइडर से टकराई कार, 6 शिक्षक घायल



दमोह-सागर हाईवे पर सरदार पटेल ओवर ब्रिज के समीप तेज रफ्तार कार शुक्रवार रात अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई. इसमें सवार सभी 6 शिक्षक घायल हो गए और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. घायलों को इलाज के लिए 108 की मदद से जिला अस्पताल लाया गया. जहां डॉक्टर मधुर चौधरी द्वारा उनका इलाज शुरू किया गया.

**ये शिक्षक हुए घायल**-घायल शिक्षक गढ़ाकोटा के शासकीय स्कूल में पदस्थ है और वह अपने एक साथी शिक्षक के पिता की बरसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छतरपुर जिले की बकस्वाहा गए थे. वहां से वापस लौटते समय यह हादसा हो गया. घायलों में शिक्षक राजकुमार सोनी, राजेश जैन, विनोद नामदेव, उमाशंकर पटेल, अनुज पटेल और एक अन्य शिक्षक इरशाद खान घायल हो गए. सभी शिक्षक सागर जिले के गढ़ाकोटा में शासकीय बालक स्कूल में पदस्थ है. सागर नाका चौकी पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है.

# लगातार बढ़ रहे अपराध, पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल

अवैध शराब की 'होम डिलीवरी' सेवा पूरी मुस्तैदी से चल रही, बिना नंबर की बाइक से हो रही सप्लाई



**नवभारत, पथरिया 25 अप्रैल।** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध कारोबार का मकड़जाल कुछ इस तरह से फैल रहा है जैसे कि मानो अपराधियों को कानून का भय ही नहीं हो। कुछ दिनों से पथरिया में अवैध कारोबार और गुंडागर्दी का चलन जोर पकड़ रहा है और कानून के रखवाले हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए हैं।

जिले के पथरिया विधानसभा मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों एक अजीब 'विकास मॉडल' देखने को मिल रहा है। जहां सड़क, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं समय पर नहीं पहुंच पातीं, वहीं अवैध शराब की 'होम डिलीवरी' सेवा पूरी मुस्तैदी से चल रही है। सूत्रों के मुताबिक शराब ठेकेदारों ने अवैध शराब की सप्लाई को इस हद तक फैला दिया है कि यह अब एक छोटे उद्योग का रूप ले चुका है।

**खुलेआम चल रहा अवैध कारोबार**-दर्जनों युवक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाईकिलों पर दिनदहाड़े शराब की सप्लाई करते नजर आते हैं मानो उन्हें प्रशासन की खुली छूट मिली हो। ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई छुपा हुआ खेल नहीं,बल्कि आबकारी विभाग और स्थानीय प्रशासन की नजरों के सामने खुलेआम चल रहा कारोबार है। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होना कई सवाल खड़े करता है।

**भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता चला रहे अभियान**-इसी बीच भगवती मानव कल्याण संगठन पथरिया के कार्यकर्ता लगातार अवैध शराब के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। 24 अप्रैल को पथरिया के दमोह रोड स्थित शराब दुकान से ले जाई जा रही अवैध शराब को पकड़ा गया, जिसमें आरोपी कोरकू और जितेंद्र अहिरवार बिना नंबर की डिस्कवर मोटरसाईकिल से 75 पाव लाल मसाला, 50 पाव देशी प्लेन शराब ले जाते हुए पकड़े गए।

**शराब पकड़ी, आरोपी फरार**-दूसरी कार्रवाई जेरठ चौकी अंतर्गत ग्राम चिरोला में हुई, जहां दो पेटी अवैध शराब बरामद की गई। आरोपी मौके से मोटरसाईकिल और शराब छोड़कर फरार हो गए व 25 अप्रैल सुबह करीब 10 बजे, पथरिया नगर के रजवास तिराहे पर आरोपी विशाल पटेल निवासी दमोह होंडा मोटरसाइकिल से 100 पाव देशी प्लेन 50 पाव देशी लाल मसाला लेकर जा रहा था, जिसे संगठन के कार्यकर्ताओं ने पकड़कर पुलिस को सूचना दी। अब सवाल यह उठता है कि लगातार सामने आ रहे इन मामलों के बावजूद प्रशासन की ओर से ठोस कार्रवाई का अभाव चिंताजनक है। जब आम नागरिक और सामाजिक संगठन कार्रवाई कर सकते हैं, तो जिम्मेदार विभाग आखिर कब सक्रिय होंगे?

## एक नजर में



### ज्ञानोदय विद्या मंदिर की प्रतिभाओं का किया सम्मान

**दमोह।** अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को बरकरार रखते हुए डीएवी ज्ञानोदय विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने 10वीं की बोर्ड परीक्षा में सफलता के झंडे गाड़े हैं. बीते दिवस माइसेम सीमेंट फैक्ट्री के क्लब हाउस में आयोजित सम्मान समारोह में छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, माइसेम सीमेंट फैक्ट्री के क्लस्टर हेड व विद्यालय के चेयरमैन सुरेश चंद्र दुबे द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया. विद्यालय की छात्राओं ने मधुर स्वर में 'सरस्वती वंदना' प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया. समारोह के दौरान दमोह जिले में 98 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली नंदिनी श्रीधर सहित नमन उपाध्याय, प्रांशु पटेल और अपूर्वा श्रीवास्तव को विशेष रूप से सम्मानित किया गया. इनके अतिरिक्त, 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अन्य 10 छात्र-छात्राओं को भी मंच पर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया.

### प्री-प्रायमरी से कक्षा 5वीं तक अवकाश घोषित

**दमोह.** भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर पीएन यादव ने जिले के सभी शासकीय/आशासकीय, केंद्रीय व नवोदय विद्यालय व सीबीएसई के प्री-प्रायमरी से कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित किया। वर्तमान में तापमान 42 डिग्री से अधिक होने के कारण यह निर्णय लिया गया। शिक्षक निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थित रहेंगे.



### राज्यमंत्री लोधी ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने आज निज कार्यालय नोहटा में जबेरा विधानसभा के विभिन्न ग्रामवासियों से सौजन्य भेट की एवं उनकी समस्याओं को सुना और निराकरण हेतु दूरभाष के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

### मांगज वार्ड-4 में लगी आग

**दमोह।** शहर स्थित देहात थाना क्षेत्र की सागर नाका चौकी समीप मांगज वार्ड-4 में लगी आग को फायर बिग्रेड और सागर नाका चौकी के स्टाफप्रआ 803 सतेंद्र दुबे और आरक्षक 1496 यशवंत राजपूत ने बुझाया.

### वार्षिक कार्यक्रम के तहत प्रमुख जन गोष्ठी आज

**दमोह।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित वार्षिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज एक प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है. यह कार्यक्रम शाम 4 बजे स्थानीय डिग्री कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित होगा. इसमें शहर के प्रमुख नागरिकों को आमंत्रित किया गया है. कार्यक्रम में डॉ. पूर्णेन्दु सक्सैना, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे.

## बूंदाबहु मंदिर में जानकी का जन्मोत्सव मनाया गया

**दमोह।** शनिवार को श्री देव जानकी नवमी के उपलक्ष्य में श्री देव जानकी रमन बूंदाबहु मंदिर में श्री जानकी का जन्म उत्सव भव्य रूप से मनाया गया. दोपहर 12 बजे श्री मंदिर में आरती पुजारी रामेश्वर शर्मा द्वारा की गई. इसमें सैकड़ो की तादाद में श्रद्धालु, भक्तगण उपस्थित हुए. कार्यक्रम के पूर्व हरि नाम संकीर्तन व बधाई गायन का कार्यक्रम नब्बू चौरसिया, सीताराम सोनी आदि भक्तों के माध्यम से किया गया. आरती के तत्पश्चात पूजन अर्चन पुष्पांजलि हुई. तत्पश्चात सभी भक्तों को पंचामृत व प्रसाद का वितरण किया गया.





# जंगल में लगी आग, सैंकड़ों वन्य जीव और पेड़ जले

वन चौकी से कर्मचारी रहे नदारद, रेंजर कह रहे थे यह गलत जानकारी है

**तेंदूखेड़ा नवभारत 25 अप्रैल।** तेजगढ़ वन बीट अंतर्गत घुटेरिया स्थित जंगल में लगी आग इतनी भीषण थी कि कई किलोमीटर के जंगल में लगे पेड़ तो नष्ट हो गये, साथ ही जंगली पक्षी भी जलकर खाक हो गए।

गंभीर बात यह है कि जहां आग लगी वहां से मात्र 2 किलो मीटर दूर ही वन चौकी है, मगर उस दौरान चौकी में न कोई वन कर्मी था और न ही कोई चौकीदार था, जिससे आग ने भीषण रूप धारण कर लिया और पेड़ पौधों के साथ सैकड़ो पशु पक्षी जलकर खाक हो गए, जिनमें तोता, कबूतर, खरगोश सहित बड़ी संख्या में सांप और अन्य जीव जंतु शामिल रहे।

### सेटेलाइट के भरोसे वन विभाग

जब संवाददाता ने तेजगढ़ के वन रेंजर नीरज पाण्डेय से जानकारी लेना चाही तो वह कहने लगे कि यह गलत जानकारी है, इस सन्दर्भ में न हमारे वन कर्मियों ने जानकारी दी है न ही सेटेलाइट से जानकारी आई है, किस आधार पर आप ये कह रहे हैं। उनके इस सवाल के जवाब में नवभारत संवाददाता ने जब फोटो और वीडियो भेजा तो कहने लगे यह हमारे वन परिक्षेत्र में नही है। रेंजर को पूरी जानकारी दी गई तो कहा कि मैं अभी जाता हूं। उन्होंने जानकारी देने के लिए धन्यवाद दिया, जबकि पहले बहस कर रहे थे।

### आ रही थी बदबू

जहां आग लगी वहां जाकर देखने पर पक्षियों की जलने से हुई मौत के कारण बदबू फैल गई थी. यह इतनी तेज थी कि जंगल के अंदर जाना संभव नहीं हो सका।

**इनका कहना है**

मैं स्वयं घटनास्थल पर जाकर निरीक्षण करुंगा।

**प्रतीक दुबे, उपवनमण्डल अधिकारी तेंदूखेड़ा**

# प्लास्टिक प्रदूषण रोकने दिलाई शपथ

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत, दमोह 25 अप्रैल।** क्षेत्रीय अधिकारी,मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,सागर अरविन्द सावले के सानिध्य व माइसेम सीमेंट, नरसिंहगढ़, दमोह प्लांट प्रमुख सुरेश दुबे के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जमीनी स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया.

कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षारोपण अभियान से की गई, जिसमें 100 से अधिक फैक्ट्री के युवा व स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया. तत्पश्चात नरसिंहगढ़ ग्राम स्थित सोनार नदी के घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग 20 बोरियों में पॉलिथीन व अन्य अपशिष्ट एकत्रित कर सुरक्षित रूप से फैक्ट्री परिसर में लाकर निस्तारित किया गया. इस अवसर पर पर्यावरण प्रमुख अशोक



तिवारी द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई कि वे प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने हेतु स्वयं भी जागरूक रहेंगे और अन्य लोगों को भी प्रेरित करेंगे. मिस्टर तिवारी द्वारा कार्यक्रम से सम्बंधित विस्तृत वक्तब्या के दौरान माइसेम सीमेंट द्वारा किये जा रहे विभिन्न सराहनीय कार्यों से आगाज किया गया. साथ ही, क्षेत्रीय कार्यालय, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सागर द्वारा संचालित इस सराहनीय पहल को सफल बनाने में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया गया.

# बिजली बिल बकाया होने पर किए दो वाहन जब्त

शहर में विद्युत बकायादारों पर कसा शिकंजा

**दमोह 25 अप्रैल।** शहर में बिजली बिल बकाया उपभोक्ताओं के खिलाफ विभाग ने अब सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है. बिजली विभाग के अनुसार दमोह शहर में करीब 7 हजार उपभोक्ताओं पर लगभग 4 करोड 68 लाख रुपए बकाया है.

विभाग द्वारा लगातार कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है, लेकिन कई उपभोक्ता अवैध रूप से अन्य स्थानों से लाइन जोड़कर या अनाधिकृत व्यक्तियों से लाइन जुड़वां कर बिजली का उपयोग कर रहे हैं. ऐसे मामलों में विभाग ने सख्ती दिखाते हुए चार नामजद अनाधिकृत रूप से लाइन से छेड़छाड़ करने वाले



आरोपियों के खिलाफ पुलिस में जांच के लिए दिया गया है. वहीं, जिन उपभोक्ताओं ने बिजली बिल का भुगतान नहीं किया और जुगाड़ से बिजली का उपयोग कर रहे है उनके खिलाफ भू-राजस्व संहिता के तहत आरआरसी नोटिस जारी कर कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**अभियान लगातार जारी रहेगा : चौहान**-अधीक्षण अभियंता अमित चौहान के निर्देशन में 24 अप्रैल को विभाग की टीम ने फीडर नंबर 24 में माया जाटव के बिजली बिल पर बकाया राशि 64000 रूपये तथा दयाशंकर डल्लू प्रसाद अहिरवार निवासी मल्लपुरा नया बाजार नंबर 4 के बकाया बिजली बिल की राशि 42178 रूपये होने पर कार्यवाही करते हुए दो नंबर वाहनों को जब्त किया गया.अधीक्षण अभियंता का कहना है कि बकायेदारों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा.

# कांग्रेस का प्रदर्शन, दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

जबेरा में किसानों की समस्याओं को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, जबेरा 25 अप्रैल।** गुरुवार को जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जबेरा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और किसानों ने बस स्टैंड पर जोरदार प्रदर्शन किया।

किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार सोनम पांडे को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में किसानों की बिगड़ती आर्थिक स्थिति पर गहरी चिंता जताते हुए कहा गया कि प्रदेश के किसान कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि वर्ष 2026-27 की फसल खरीदी एक माह देरी से शुरू हुई, जिससे उन्हें मजबूरी




में अपनी उपज व्यापारियों को कम दामों पर बेचनी पड़ी। बिजली आपूर्ति को लेकर कहा गया कि 10 घंटे सप्लाई के वादे के बावजूद केवल 6-7 घंटे ही बिजली मिल रही है। इसके अलावा किसानों ने गेहूं और धान खरीदने के वादे से सरकार के पीछे हटने का आरोप लगाया।

**इनकी रही उपस्थिति**-अंत में कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस दौरान जिला कांग्रेस किसान कमेटी अध्यक्ष अमर सिंह, कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष रजनी ठाकुर, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सिंह लोधी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गोविंद तिवारी, अखिलेश सोनी, संग्रामपुर मंडल अध्यक्ष गोलू विश्वकर्मा, खमरिया मंडल अध्यक्ष भगवत लोधी, महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनीता विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# समेकित कीट प्रबंधन अपनाने की किसानों को दी सलाह

विशेषज्ञों ने सरिया गर्म में मूंग की फसल का किया निरीक्षण



**नवभारत, बटियागढ़ 25 अप्रैल।** इस समय क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन फसलों जैसे मूंग, उड़द, आदि में कीटों का प्रकोप बढ़ने की सूचना पीएलवी किसान रूपेंद्र सिंह, विनोद उदेनिया, साहब सिंह लोधी के साथ दिनेश पटेल वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बटियागढ़, रवेंद्र विरला कृषि बस्तर अधिकारी, दीपक सेवानी कृषि विस्तार अधिकारी व डॉ. द्वारका, कीटशास्त्र विभाग, कृषि महाविद्यालय, पन्ना ने सरिया निवासी किसान घनश्याम सिंह के खेत का निरीक्षण किया.

उनके अनुसार प्रमुख कीटों में माहू, सफेद मक्खी, जेसिड तथा फल छेदक आदि कीट शामिल हैं. इन कीटों की पहचान पत्तियों पर छोटे-छोटे हरे या काले कीड़ों (माहू), सफेद रंग की उड़ने वाली मक्खियों (सफेद मक्खी) तथा पत्तियों के किनारों के पीले पड़ने (जेसिड) से की जा सकती है .फल छेदक कीट फल में छेद कर अंदर से उसे खराब कर देते हैं. इनके प्रकोप से पत्तियां मुड़ जाती हैं, पीली पड़ जाती हैं, पौधों की वृद्धि रुक जाती है तथा फल सड़ने लगते हैं, जिससे उत्पादन में भारी कमी आती है.

### कीटों को नियंत्रित करने के बताए उपाय

डॉ. द्वारका ने किसानों को समेकित कीट प्रबंधन अपनाने की सलाह दी है. जिसमें समय पर बुवाई, फसल चक्र अपनाना, खेत की गहरी जुताई तथा संक्रमित पौधों को नष्ट करना जैसे कृषि जनित उपाय शामिल हैं. साथ ही पीले चिपचिपे ट्रैप और प्रकाश प्रपंच का उपयोग कर कीटों की संख्या को नियंत्रित किया जा सकता है. दिनेश पटेल वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी के अनुसार जैविक नियंत्रण के तहत नीम तेल 5 मिली प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव तथा ट्राइकोग्रामा जैसे लाभकारी कीटों का प्रयोग करने की भी सलाह दी गई है.

समस्या

अव्यवस्थित पार्किंग व अतिक्रमण से लगता है रोजाना जाम

# पटेरा का हटा तिराहा राहगीरों के लिए बना मुसीबत



**नवभारत, पटेरा 25 अप्रैल।** नगर परिषद पटेरा और थाना पटेरा के हटा तिराहा इन दिनों आमजन के लिए बड़ी मुसीबत बनता जा रहा है. रोजाना यहां जाम की स्थिति बन रही है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

स्कूल समय हो या बाजार का पीक ऑवर में हर वक्त तिराहा जाम से जूझता नजर आता है. स्थानीय लोगों का आरोप है कि अव्यवस्थित पार्किंग, सड़क किनारे अतिक्रमण और ट्रैफिक व्यवस्था की अनदेखी इस समस्या की मुख्य वजह हैं. सबसे हैरानी की बात यह है कि कई बार शिकायत और पत्राचार के बावजूद न तो नगर परिषद ने कोई ठोस कदम उठाया और न ही पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था सुधारने की कोशिश की.

### अधिकारी सिर्फ कागजी कार्रवाई तक सीमित

लोगों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ कागजी कार्रवाई तक सीमित हैं, जबकि जमीनी हकीकत पूरी तरह बदहाल है। रोज लगने वाले इस जाम से एम्बुलेंस और जरूरी सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं, जो कभी भी बड़ी घटना का कारण बन सकती हैं.

### किसी भी दिन हो सकता है बड़ा हादसा

अब सवाल यह है कि आखिर इस रोजाना के जाम का जिम्मेदार कौन है? नगर परिषद, पुलिस प्रशासन या फिर लापरवाह सिस्टम? यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो हटा तिराहा आने वाले दिनों में किसी बड़े हादसे का गवाह बन सकता है.